राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट

चर्चा में क्यों?

9 जुलाई, 2022 को पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने बताया कि 'राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम)' का आयोजन 22 से 24 जुलाई तक किया जाएगा। 22 जुलाई से ट्रैवल मार्ट का शुभारंभ कार्यक्रम होटल क्लार्क्स आमेर में होगा।

प्रमुख बिंदु

- राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट में दो दिन राजस्थान से जुड़े एग्जिबिटर्स और पैन इंडिया के बायर्स के बीच बी2बी बैठकें होंगी। ट्रैवल मार्ट में लगभग 200 एग्जिबिटर्स अपने पर्यटन उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 250 डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स भाग लेंगे। ये ट्रैवल मार्ट पर्यटन क्षेत्र के लिये काफी लाभदायक साबित होंगे।
- पर्यटन मंत्री ने बताया कि राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट के उद्घाटन समारोह में 'राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति' का विमोचन भी किया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि राजस्थान को फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने और राजस्थानी भाषा में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति लाई गई है।
- इससे प्रदेश में फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों एवं युवाओं को रोज़गार तथा राजस्थानी भाषा को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को सब्सिडी, राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) एवं राज्य सरकार के अधीन स्मारकों पर देय फीस में छूट सहित अन्य लाभ भी प्राप्त होंगे।
- गौरतलब है कि आरडीटीएम में डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स को आमंत्रित करने के लिये प्रदेश के जयपुर, मंडावा, जोधपुर, भरतपुर और उदयपुर ज़िलों में रोड शो का आयोजन किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-domestic-travel-mart-2